विवरण

क्रम सं०	कस्बे का नाम	जिला	अनुमानित लागत (1991 को)	केन्द्रीय अंश कालम 4 का 50 प्रतिशत	केन्द्रीय शिक्षा अनुमोदित के अंश का पहली किश्त के रूप में 25 प्रतिशत
1	परमपुर	वलसाड	47.42	23.71	5.93
2	वानिवा	जूनागढ़	68.89	34.45	8.61
3	धरोल	जामनगर	130.00	65.00	16.25
4	सूरजकाराडी	जामनगर	80.00	40.00	10.00
5	ओखापोर्ट	जामनगर	55.00	27.50	6.88
6	जोडिया	जामनगर,	92.13	46.07	11.52
7	बरवाला	अहमदाबाद	38.89	19.45	4.86
8	मेनदादो	जूनागढ़	56.29	28.15	7.04
		कुल :	568.62	234.33	71.09

शहरों के विकास के लिए वित्तीय सहायता

624. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल** : क्या **शहरी** विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में शहरों के विकास के वित्तीय सहायता का कोई प्रावधान किया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या गुजरात के अहमदाबाद, बड़ौदरा, सूरत, भाव-नगर, राजकोट, जूनागढ़, में कच्छ, भुज और महसाना शहरों के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान की गई है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उपर्युक्त शहरों के लिए अलग-अलग से कितनी धनराशि की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) और (ख) मेगा शहरों में अवस्थापना विकास के लिए एक केन्द्र प्रवर्तित योजना वर्ष 1993-94 से शुरू की गयी है। यह योजना बम्बई, कलकत्ता मद्रास, हैदराबाद और बंगलौर के लिए लागू है। इस योजना के अन्तर्गत परियोजनाओं की वित्तीय पद्धति: 25% केन्द्र सरकार, 25% राज्य सरकार और 50% संस्थागत वित्त मेगा शहरों को वर्ष 1993-94 के दौरान दी गई केन्द्रीय सहायता इस प्रकार है :—

(रुपए करोड़ों में)

मेगा शहरों का नाम	वर्ष 1993-94 के दौरान दी गई धनराशि
बम्बई	20.00
कलकत्ता	20.00
मद्रास	15.00
हैदराबाद	15.00
बैंगलूर	00.00
	70.00

वर्ष 1994-95 के दौरान रु० 75 करोड़ का बजट प्रावधान है।

वर्ष 1979–80 से गुजरात राज्य सहित राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में छोटे मझौले नगरों के एकीकृत विकास की एक केन्द्र प्रवर्तित योजना प्रचालन में हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे नगरों में भौतिक एवं आर्थिक अवस्थापना और अन्य आवश्यक सुविधाओं एव सेवाओं में सुधार लाना है जिनकी आबादी 3 लाख तक है तथा जिनमें विकास क्षमता है एवं राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन द्वारा जिनकी पहचान की गई हो। छोटे एवं मझौले नगरों के एकीकृत विकास योजना के लिए आठवी योजना का परिव्यय वर्ष 1994–95 के रुपए 25 करोड़ सहित रुपए 155 करोड़ है। वर्ष 1979–80 से 1991–95 (7–12–94) तक 687 नगर छोटे तथा मझौले नगरों के एकीकृत विकास योजना के अतर्गत शामिल किए गए तथा रुपए 218.09 करोड़ रु० की केन्द्रीय सहायता दी गई। इनमें गुजरात राज्य के 39 नगर शामिल हैं जिनके लिए रु० 12.34 करोड़ रु० की केन्द्रीय सहायता जारी की गई है।

(ग) और (घ) छठी योजना अवधि में भुज एवं मेहसाना नगरों को छोटे एवं मझौले नगरों के एकीकृत विकास की योजना के अन्तर्गत शामिल किया गया एव क्रमश: रु० 30 लाख एवं रु० 36.02 लाख (पूरी देय धनराशि) की केन्द्रीय सहायता जारी की गई। जूनागढ़ को सातवीं योजना अवधि के दौरान योजना में शामिल किया गया और रु० 29.75 लाख रुपए की केन्द्रीय सहायता की पहली किश्त जारी की गई। तथापि अहमदाबाद, सूरत, बड़ोदरा, भावनगर, राजकोट एव कच्छ नगरों को छोटे एव मझौले नगरों के एकीकृत विकास योजना के क्षेत्र में नहीं आते हैं क्योंकि इन नगरों में से प्रत्येक नगर की आबादी 3 लाख से अधिक है।

Funds from HUDCO to weaker sections

625. SHRIMATI URMILABEN CHIMANBHAI PATEL: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government has received any proposal from the Government of Gujarat to allocate funds from HUDCO to the economically weaker sections in urban and rural areas of the State during 1994-95; and

(b) if so, the action taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI P. K. THUNGON): (a) and (b) The Central Government have not received any proposal from the Government of Gujarat to allocate funds from HUDCO to the economically weaker sections in urban and rural areas of the State during 1994-95. However, HUDCO, as per its annual loan allocation for 1994-95, has allocated Rs. 6.00 crores and Rs. 5.80 crores respectively for loan assistance to housing schemes for economically weaker sections in rural and urban areas. The details of housing schemes sanctioned by HUDCO to the economically weaker section in the rural and urban areas of Gujarat are given in the enclosed Statement.

Statement

Statement showing details of EWS Housing Schemes sanctioned by HUDCO to Gujarat during 1994-95 (*As on* 31-10-94)

S. No.	Scheme Name	Loan Amount (Rs. in lakhs)	No. of Dwelling Units
1	2	3	4
1.	EWS Rural housing scheme for landless labours, Kheda	40·37	734